उत्तर प्रदेश शासन
नागरिक उड्डयन अनुभाग
संख्या: 73/2024/940/छप्पन-2024-38/2014
लखनऊ: दिनांक 23 अगस्त, 2024

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर कार्यरत श्री कन्हैया लाल गुप्ता, वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) को शासनादेश संख्या-1285/छप्पन-14-24/06 टी0सी0 दिनांक 31 जुलाई, 2014 द्वारा रू0 1.75 लाख के नियत मासिक पारिश्रमिक पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अग्रेत्तर 02 वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्त किया गया था, जिसके अनुक्रम में श्री कन्हैया लाल गुप्ता द्वारा दिनांक 01 सितम्बर, 2014 को पूर्वाह्न में अपना योगदान प्रस्तुत किया गया। इसके उपरान्त समय-समय पर इनकी संविदा अवधि बढ़ाई गई तथा वर्तमान में श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा अवधि शासनादेश संख्या-1298/छप्पन-2019-38/2014 दिनांक 28 जून, 2019 द्वारा अग्रेतर 05 वर्ष (अर्थात दिनांक 01 सितम्बर, 2019 से 31 अगस्त, 2024 तक) के लिए बढ़ाई गई है। इस प्रकार इनकी संविदा अवधि 31 अगस्त, 2024 को समाप्त हो रही है। तत्क्रम में निदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा पत्र संख्या-76/ना0उ0नि0/व्य0पत्रा0/2024 दिनांक 24 जून, 2024 के द्वारा वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर पूर्व शर्तों एवं प्रतिबन्धों के साथ श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा सेवा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से अग्रेत्तर 03 वर्ष (अर्थात दिनांक 31 अगस्त, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने का प्रस्ताव शासन के निर्णयार्थ उपलब्ध कराया गया है।

2- निदेशक, नागरिक उड्डयन के उक्त प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल नागरिक उड्डयन निदेशालय, उत्तर प्रदेश के अधीन अनुरक्षण, सुरक्षा एवं सामान्य प्रशासन इकाई उत्तर प्रदेश, लखनऊ में वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) के पद पर कार्यरत श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा अवधि वर्तमान मासिक पारिश्रमिक रूपए 2,71,484.00 (रूपये दो लाख इकहत्तर हजार चार सौ चौरासी मात्र) एवं शासनादेश संख्या-1422/छप्पन-2011-17/2014 दिनांक 09 सितम्बर, 2014 के अनुसार यथासमय अनुमन्य 05 प्रतिशत वार्षिक पारिश्रमिक वृद्धि पर दिनांक 01 सितम्बर, 2024 से अग्रेत्तर 03 वर्ष (अर्थात दिनांक 31 अगस्त, 2027 तक) के लिए बढ़ाए जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

3- श्री कन्हैया लाल गुप्ता की संविदा सेवा के सम्बन्ध में अन्य नियम व शर्तें पूर्ववत् जारी रहेंगी।

2/--

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

4- श्री कन्हैया लाल गुप्ता से संविदा सेवा वृद्धि के सम्बन्ध में निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित कर शासन को अभिलेखार्थ उपलब्ध कराया जाएगा।

कुमार हर्ष
विशेष सचिव

संख्या: 73/2024/940/छप्पन-2024, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-:

1. निदेशक, नागरिक उड्डयन, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि श्री कन्हैया लाल गुप्ता, वायुयान अनुरक्षण अभियन्ता (एवियानिक्स) से निर्धारित प्रपत्र पर अनुबन्ध निष्पादित करके उसकी प्रति शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
2. श्री कन्हैया लाल गुप्ता, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. महालेखाकार-प्रथम (लेखा एवं हकदारी), उ0प्र0, प्रयागराज।
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
5. वित्त नियंत्रक, नागरिक उड्डयन निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ एयरपोर्ट, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-7।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
अभिनव कुमार चौरसिया
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।